प्रेस विज्ञप्ति

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में भौतिकी अध्ययनशाला द्वारा गुरूवार को विश्व भौतिकी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भौतिक शास्त्र के सहायक प्राध्यापक मृत्यंजय कुमार ने कहा कि भौतिकी हमें उपपरमाण्विक कणों से लेकर ब्रह्मांड तक के रहस्यों को उजागर करने में सहायता करता है। महान वैज्ञानिक न्यूटन, मैरी क्यूरी, डॉ. सीवी रमन, आदि को सम्मान देने के लिए हमलोग हर वर्ष विश्व भौतिकी दिवस का आयोजन करते हैं।

रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनोज कुमार ने अपने उदबोधन में एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. सीवी रमन के विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान की जानकारी दी। स्टीफन हॉकिंग के बारे में कहा कि शारीरिक अक्षमता किसी भी प्रकार से आबिष्कार में बाधा नहीं बन सकती। डॉ. मनोज ने बताया कि वैज्ञानिक मैडम क्यूरी ने यह साबित कर दिखाया कि शोध कार्य केवल पुरूषों का क्षेत्र नहीं है।

इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में युवराज एवं रोशन और ड्रॉइंग में आकृति एवं इंद्रजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एमएससी भौतिकी के विद्यार्थी रौशन पटेल एवं वर्षा पांडेय ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. प्रिंस जैन, संजय पांडेय, भूमिका साहू, अनुभा डे, दुर्गा साहू, कीर्ति मेहरा, यामिनी जोशी, खिरेंद्र ठाकुर, सेमंत बघेल, रूचि तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

NATIONAL PHYSICS DAY
THEME – PHYSICS TOWARDS FUTURE
ORGANISED BY – DEPARTMENMT OF P